an>

Title: Need to take steps to set up industries in Bundelkhand region.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : अध्यक्षा जी, धन्यवाद।

महोदया, मेरे क्षेत्र बांदा, चित्रकूट सहित पूरे बुंदेलखण्ड में बेरोज़गारी के कारण वहां से लोगों का बड़ी मात्रा में पलायन हो रहा है। रोज ट्रेनों में भर कर लोग वहां से जाते हैं। उदाहरण के लिए, सम्पर्क क्रंति एक्सप्रेस ट्रेन मेरे यहां से रोज चलती है। उसमें हमारे यहां के हजारों लोग भरे होते हैं। इसी तरह से, झाँसी से दक्षिण की ट्रेनों में वे जाते हैं। ग्रामों एवं शहरों की एक-तिहाई आबादी खाली हो गयी है। कुछ घरों में तो केवल ताले लटके पड़े हैं। उनका पूरा परिवार चला गया है। कुछ घरों में केवल बूढ़े लोग बचे हैं, जिनकी सेवा करने वाला कोई नहीं है। यह पलायन उस क्षेत्र में कोई छोटे-बड़े उद्योग के न होने की वज़ह से हो रहा है। खेती में भी वहां कोई विशेऐ आमदनी नहीं हो रही है। चूंकि वहां सिंचाई प्रतिशत अति न्यून है, अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वहां के किसानों की हालत को ठीक करने के लिए वहां छोटे-बड़े उद्योग लगाए जाएं। वहां खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की बहुत संभावनाएं हैं। उसे वहां पर लगाया जाए।

मेरे क्षेत्र बरगढ़ में एक फ्लोट ग्लास लिमिटेड कंपनी बहुत दिनों से बंद पड़ी है और बांदा में कताई मिल बंद पड़ी है। उसे यथाशीघ्र शुरू की जाए, जिससे लोगों को वहां रोज़गार मिल सके।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विऐय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।